4180(E)
19/6/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 19/06/2026 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अन्तर्गत Construction of Pathway in both side of NH-31 Town Portion road near Dakbanglow via Bihar Talkies More to GMCH (Govt. Medical College & Hospital) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय बीड सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–20.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–862 दिनांक–20.05.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–953(अनु०) दिनांक–01.06.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–01.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Pathway in both side of NH-31 Town Portion road near Dakbanglow via Bihar Talkies More to GMCH (Govt. Medical College & Hospital) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹225.47 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक--2012(S) दिनांक–27.02.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹196.06 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–511(अनु०) दिनांक–20.03.2026 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹161.49715 लाख। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 09 (Nine) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग ($F_2$) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 11.04.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Alam Enterprises and Brothers (2) M/s Diligent Consultancy
(3) M/s Ram Sakhi Enterprises Pvt. Ltd. (4) Amit Kumar Gupta
(5) Kumar Gaurav (6) M/s Om Sai Construction

4. पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ अन्तर्गत Construction of Pathway from Dakbanglow to Bihar Talkies More Near GMCH Line Bazar for the year 2025-26 के लिए प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड का मूल्यांकन दिनांक–20.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी, जिसकी कार्यवाही उपभागीय ज्ञापांक–862 दिनांक–20.05.2026 से संसूचित है, में 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) M/s Alam Enterprises and Brothers (2) M/s Diligent Consultancy (3) M/s Ram Sakhi Enterprises Pvt. Ltd. (4) Amit Kumar Gupta एवं (5) M/s Om Sai Construction को F2 आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने तथा शेष 01 (एक) निविदाकार यथा Kumar Gaurav को F2 आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही दिनांक–20.05.2026 को विभागीय वेबसाईड पर अपलोड किया गया है।

उक्त के आलोक में निविदाकारों यथा (1) Amit Kumar Gupta से दिनांक–22.05.2026 एवं (2) M/s Om Sai Construction द्वारा दिनांक–22.05.2026 को ई–मेल के माध्यम से उपभागीय कार्यालय में दो परिवाद समर्पित किया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–862 दिनांक–20.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Amit Kumar Gupta के पत्रांक–शून्य दिनांक–22.05.2026 एवं (2) OM Sai Construction के पत्रांक–OSC/CE/RCD(N)/26-27/080 दिनांक–22.05.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–953(अनु०) दिनांक–01.06.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–01.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

| | निविदाकार **Amit Kumar Gupta** से प्राप्त परिवाद के मुख्य अंश :– | समीक्षा |
|---|---|---|
| (1) | निवेदन है कि "Similar Nature of Work" से संबंधित सभी आवश्यक कागजात मेरे द्वारा निविदा के साथ संलग्न एवं अपलोड किए गए थे। साथ ही संबंधित विभाग द्वारा उक्त प्रमाण–पत्रों का सत्यापन भी कर लिया गया है। | विषयगत निविदा के निविदाकार अमित कुमार गुप्ता द्वारा निविदा के साथ Upload किए गए अनुभव प्रमाण–पत्र में कोई भी एक कार्य ऐसी नहीं है, जिसमें विषयगत योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Item यथा Earth work, GSB तथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो। इस प्रकार निविदाकार द्वारा Upload किया गया कोई भी कार्य निविदित कार्य के समरूप नहीं है, जिसके फलस्वरुप विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के Sl. No.-4.1.4 में वांछित न्यूनतम अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था।<br>अतः परिवादी का परिवाद अमान्य किये जाने की अनुशंसा की जाती है। |
| | निविदाकार **M/s Om Sai Construction** से प्राप्त परिवाद के मुख्य अंश :– | **समीक्षा** |
| (2) | उपरोक्त निविदा में हमारी फर्म M/s Om Sai Construction द्वारा विधिवत भाग लिया गया था। विभाग द्वारा निर्गत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही में यह उल्लेख किया गया है कि हमारी फर्म द्वारा "Experience of Similar Nature of Work" से संबंधित दस्तावेज अपलोड नहीं किया गया है, जिसके आधार पर हमें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया गया।<br>किन्तु यह तथ्य वास्तविक स्थिति से पूर्णतः भिन्न एवं तथ्यात्मक रूप से असत्य है। हमारी फर्म द्वारा – | M/s Om Sai Construction द्वारा दिनांक–25.05.2026 को e-mail के द्वारा परिवाद दिया गया है जो कि परिवाद देने की निर्धारित समयसीमा (दिनांक–24.05.2026) के बाद का है। अतः उक्त परिवाद विचारणीय नहीं है।<br>अतः परिवादी का परिवाद अमान्य किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| | Procurement Portal (eproc2.bihar.gov.in) पर Bid Submission के समय "Similar Nature of Work" नामक Folder में सभी आवश्यक Similar Nature of Work से संबंधित दस्तावेज एवं Completion Certificates अपलोड किये गये थे। उक्त दस्तावेज वर्त्तमान में भी उपलब्ध हैं। "यह भी उल्लेखनीय है कि Bid Submission Summary एवं Technical Bid Details में स्पष्ट रूप से "SIMILAR NATURE OF WORK 2-89 CR अंकित है तथा Required Attachment Section में Serial No-& 9 में 5–Similar Nature of Work-pdf' नामक दस्तावेज अपलोड होना प्रदर्शित हो रहा है।<br>साथ ही उक्त दस्तावेजों के अंतर्गत दोनों Similar Nature Projects एवं उनके Completion Certificates भी Bid Portal पर उपलब्ध हैं। अतः यह कहना कि हमारी फर्म द्वारा Similar Nature of Work अपलोड नहीं किया गया, तथ्यात्मक रूप से पूर्णतः गलत प्रतीत होता है। "eproc2-bihar-gov-पद पोर्टल पर उपलब्ध Bid Submission Summary एवं Technical Bid Details की प्रति, जिसमें '5 Similar Nature of Work-pdf अपलोड होना प्रदर्शित है। | |

प्राप्त आपत्ति की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सफल पाये गये निविदाकार कुमार गौरव द्वारा Uploaded पंजीकरण ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार का है, जबकि उकत निविदा के NIT की कंडिका–10 में स्पष्ट अंकित है कि विषयगत निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकार का पथ निर्माण विभाग, बिहार में पंजीकरण होना अनिवार्य है।

6. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः</u>–

उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् समीक्षोपरान्त् विषयाधीन कार्य के पुनर्निविदा के निविदाकार अमित कुमार गुप्ता द्वारा समर्पित परिवाद को अमान्य करते हुए उक्त निविदा में दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार निविदाकारों यथा (1) M/s alam Enterprises and Brothers (2) M/s Diligent Consultancy (3) M/s Ram Sakhi Enterprises Pvt. Ltd. (4) Amit Kumar Gupta एवं (5) M/s Om Sai Construction को तकनीकी बीड में असफल करने के निर्णय को यथावत् रखते हुए एक मात्र निविदाकार Kumar Gaurav को NIT की कंडिका–10 में वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की जाती है। इस प्रकार प्रथम बार निविदा में सभी निविदाकारों के असफल होने के कारण विषयगत निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित करने का प्रस्ताव अनुशंसा सहित अनुमोदन हेतु विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष उपस्थापित किये जाने की अनुशंसा की जाती है।

7. **अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–**

7.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–953(अनु०) दिनांक–01.06.2026 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–01.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) **Amit Kumar Gupta** के पत्रांक–शून्य दिनांक–22.05.2026 एवं (2) **OM Sai Construction** के पत्रांक–**OSC/CE/RCD(N)/26-27/080** दिनांक–22.05.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(ii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त 06 (छः) निविदाकारों में से 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) **M/s alam Enterprises and Brothers** (2) **M/s Diligent Consultancy** (3) **M/s Ram Sakhi Enterprises Pvt. Ltd.** (4) **Amit Kumar Gupta** एवं (5) **M/s Om Sai Construction** को तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक मात्र निविदाकार **Kumar Gaurav** को **NIT** की कंडिका–10 में वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। साथ ही विषयांकित कार्य में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iii) उपभागीय ज्ञापांक–862 दिनांक–20.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19/06/26 | 19/06/26 | 19/06/26 | 19/06/26 |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमांचल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (विजय कुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>अनुश्रवण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–<br>अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–38/2026 4180 (E) पटना, दिनांक 19/6/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमंचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/06/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।